# पौनी पसारी योजना के तहत निर्मित चबूतरे में कपड़ा, फैंसी, सेलून, दोना पत्तल, मसाला इत्यादि का लग रहा है बाजार, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लिया जायजा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई, क्षेत्र अंतर्गत पौनी पसारी योजना की शुरूआत हो चुकी है जहां पर हितग्राही अपना परंपरागत व्यवसाय कर रहे हैं , निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने पसरा लगाने वाले व्यवसायियों से प्रतिदिन के विक्रय एवं प्राप्त आय पर चर्चा की। वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड के एसबीआई रोड के बाजू संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास में इस योजना के तहत चबूतरा , नाली निर्माण, प्रसाधन, पेवर ब्लॉक, शेड निर्माण 26 लाख 88 हजार की लागत से किया जा चुका है। पौनी पसारी का कार्य एसएन ब्रदर्स को दिया गया था जिसने कार्य पूर्ण कर लिया है! निगम क्षेत्र में योजना की शुरूआत होने से क्षेत्र के परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों , कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु बेहतर प्लेटफार्म मिल रहा है। बाजार में टीन शेड के नीचे 15 चबूतरा बनाए गए हैं, टायलेट एवं पेयजल सहित सभी सुविधा उपलब्ध है। राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजना के तहत भिलाई निगम के जोन 02 क्षेत्रांतर्गत वार्ड 26 में पौनी पसारी योजना के लिए बाजार बनाने जुलाई 2020 में कार्य की शुरुआत हुई थी। स्थानीय व्यवसायियों सहित लोगों को इसका लाभ मिल रहा है! स्थानीय छत्तीसगढ़ी परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा देने के उददेश्य से बाजार में सिलाई-बुनाई, चटाई, बांस के उत्पाद , दोना पत्तल, मिट्टी के बर्तन , मूर्तियां बनाना, फूलों का व्यवसाय , पूजन सामग्री, सुपा, सजावटी सामान, जैसे अन्य व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु एक बेहतर अवसर मिल रहा है जिससे आर्थिक मजबूती के साथ ही छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपराओं के व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है। 15 चबूतरा को हितग्राहियों को प्रदान किया जा चुका है। बाजार को व्यवस्थित बनाने प्रकाश व्यवस्था , टायलेट, पेयजल हेतु बोर खनन एवं बारिश में कीचड़ से बचने पेवर ब्लाॅक लगाए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार पौनी पसारी परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम , आने जाने वालों वाहनों के लिए पार्किंग , पानी निकासी के लिए नाली बनाने साथ ही स्वच्छता को बनाए रखने डस्टबीन आदि की सुविधा उपलब्ध है। इस योजना से छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा के अंतर्गत पौनी पसारी व्यवसाय को नव जीवन प्रदान करने में सहायक होगा! निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता , उप अभियंता निकहत सबरीन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा मौजूद रहे!